e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संoसंo: 01 / भूoअoनिo(3)विविध (सर्वेo एवं प्रशिo बैठकों की कार्यo)–08 / 2021 1348 पटना, दिनांक: 7/6/2022

प्रेषक,

जय सिंह, भाoप्रoसेo
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद /
किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी /
सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0 चम्पारण / जमुई /
मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा।

पटना, दिनांक :–

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के सभी विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त शिविर कार्यालयों का दिनांक– 08.06.2022 को एक साथ एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक– 1249 दिनांक– 27.05.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में दिनांक– 08.06.2022 को प्रत्येक विशेष सर्वेक्षण शिविर में आयोजित एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में आप अवगत है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं संविदा कर्मी संघ द्वारा दिनांक– 01.06.2022 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है तथा विशेष सर्वेक्षण कार्य बाधित किया जा रहा है। आपके द्वारा प्रेषित कर्मियों की मांगों की समीक्षा करने पर स्पष्ट हुआ है कि कर्मियों की अनेक मांगे जैसे लंबित भुगतान, अवकाश, पदस्थापन–योगदान अंतराल अवधि का भुगतान तथा विशेष अवकाश आदि के संबंध में पूर्व में ही कार्रवाई की जा चुकी है तथा शेष मांगों के संबंध में सक्षम प्राधिकार के स्तर से शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। ऐसे में हड़ताल / धरना आदि कर कार्य बाधित करने का कोई औचित्य नहीं है। यह सभी सर्वेक्षण कर्मियों को तत्काल सूचित कर दिया जाए एवं उन्हें पुनः कार्य प्रारंभ करने हेतु निदेशित किया जाए।

विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा हड़ताल को वापस नहीं लिए जाने की स्थिति में एक दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन से समन्वय कर सभी वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जाए। इस संबंध में यदि किसी शिविर कर्मी द्वारा कार्यालय को बंद रखा जाता है तथा निरीक्षण में बाधा उत्पन्न की जाती है तो तत्काल संबंधित कर्मी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधिसम्मत् कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए एवं किसी भी परिस्थिति में उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को अलग से अवगत कराया जा रहा है।

विश्वासभाजन

7/6/22

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar Aso\director\file no 8 2021 07.06.2022.doc

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348......पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना, मगध, तिरहुत, पूर्णियाँ, कोशी, भागलपुर एवं मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348.....पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता, बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348.....पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348.....पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348.....पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0(3)विविध (सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्य0)–08 / 2021...1348.....पटना, दिनांक:..7/6/2022

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 7/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप